Roll No. : ......................................

Total No. of Questions : **12** ] [ Total No. of Printed Pages : **8**

# SLC–351

## B.Com. Part–III (Supplementary) Examination, 2022

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper - I

## (Corporate Accounting)

*Time : 1½ Hours* ] [ *Maximum Marks : **100***

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note*** :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note*** :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note*** :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

## (खण्ड–अ)

1. (i) What are the main objectives of Internal Reconstruction ?

   आन्तरिक पुनर्निर्माण के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ?

   (ii) What do you mean by Amalgamation ?

   एकीकरण से आपका क्या आशय है ?

   (iii) What is Super Profit ?

   अधिलाभ क्या है ?

   (iv) Write the formula for computing value of right.

   अधिकार अंश के मूल्यांकन का सूत्र क्या है ?

   (v) What is meant by divisible profit ?

   विभाजन योग्य लाभ क्या है ?

   (vi) Give *two* examples of fictitious assets.

   किन्हीं **दो** काल्पनिक सम्पत्तियों के नाम बताइए।

   (vii) What do you mean by 'Profit Prior to Incorporation' ?

   'समामेलन के पूर्व के लाभ' से क्या आशय है ?

   (viii) Who are included in B-List of contributories ?

   'B-सूची के अंशदाताओं' में किन्हें सम्मिलित किया जाता है ?

   (ix) Give any *two* differences between Single Account System and Double Account System.

   इकहरा लेखा प्रणाली एवं दोहरा लेखा प्रणाली में कोई **दो** अन्तर बताइए।

   (x) What is subsidiary company ?

   सहायक कम्पनी किसे कहते हैं ?

## Section–B

**(खण्ड–ब)**

2. What is meant by internal reconstruction ? Give conditions when internal reconstruction becomes desirable.

आन्तरिक पुनर्निर्माण से क्या आशय है ? उन परिस्थितियों को बताइए, जब आन्तरिक पुनर्निर्माण वांछनीय हो जाता है।

3. The following are the balance sheets of two companies R Ltd. and S Ltd. as at 31st March, 2019 :

दो कम्पनियों R लिमिटेड एवं S लिमिटेड के 31 मार्च, 2019 के चिट्ठे निम्नलिखित हैं :

| **Particulars** | **R Ltd.** | **S Ltd.** |
|---|---|---|
| **I. EQUITY AND LIABILITIES :** | | |
| (i) *Shareholders fund* : | | |
| (a) Share capital : | | |
| Issued and subscribed capital | | |
| Equity share capital (share of ₹ 100 each) | 15,00,000 | 9,00,000 |
| (b) Reserve and surplus : | | |
| General reserve | 3,00,000 | 1,65,000 |
| (ii) *Non-current Liabilities* | – | – |
| (iii) *Current Liabilities :* | | |
| Trade payables : Sundry creditors | 4,50,000 | 2,85,000 |
| **Total** | **22,50,000** | **13,50,000** |
| **II. ASSETS :** | | |
| Non-current and current assets : Sundry assets | 22,50,000 | 13,50,000 |
| **Total** | **22,50,000** | **13,50,000** |

R Ltd. is to acquire S Ltd. on the basis of intrinsic value of the shares. The purchase consideration is to be discharged in the form of fully paid equity shares, entries to be made at par value only. A sum of ₹ 60,000 is owned by R Ltd. to S Ltd. Also included in the stock of R Ltd. is ₹ 90,000 goods supplied by S Ltd. at cost plus 20%. Give Journal entries in the books of both the companies and prepare balance sheet of R Ltd. soon after acquisition.

R लिमिटेड द्वारा S लिमिटेड का अंशों के आन्तरिक मूल्य के आधार पर अधिग्रहण किया जाना है। क्रय-प्रतिफल का भुगतान पूर्णदत्त समता अंशों में किया जाता है एवं प्रविष्टियाँ सममूल्य पर करनी हैं। ₹ 60,000 की राशि R लिमिटेड द्वारा S लिमिटेड को देय है। R लिमिटेड के स्टॉक में ₹ 90,000 का ऐसा माल सम्मिलित है जो कि S लिमिडेड द्वारा लगात में 20% जोड़कर बेचा गया था। दोनों कम्पनियों की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए एवं अधिग्रहण के तुरन्त पश्चात् का R लिमिटेड का चिट्ठा तैयार कीजिए।

4. Describe the concept of goodwill and explain the various methods of its valuation.

ख्याति की अवधारणा का वर्णन कीजिए तथा उसके मूल्यांकन की विभिन्न विधियों को समझाइए।

5. In Gujarat Pharmaceutical Ltd. there are two whole-time directors and three part-time directors. The whole-time directors are entitled to a commission @ 10% of the profit remaining after charging commission of the part-time directors. The part time directors are entitled for a commission @ 1% of the profits after charging the commission of the whole-time directors.

The net profit of the company before charging any commission of all the directors is ₹ 20,00,000.

You are asked to find out the total remuneration payable to the whole-time directors and part-time directors.

गुजरात फारमाक्युटिकल लिमिटेड में दो पूर्णकालिक संचालक व तीन अंशकालिक संचालक हैं। पूर्णकालिक संचालकों को, अंशकालिक संचालकों को पारिश्रमिक देने के बाद शेष लाभ का 10 प्रतिशत पारिश्रमिक मिलेगा जबकि अंश-कालिक संचालकों को, पूर्णकालिक संचालकों को पारिश्रमिक देने के बाद बचे शेष लाभ का 1 प्रतिशत पारिश्रमिक मिलेगा।

संचालकों को किसी प्रकार का पारिश्रमिक देने से पूर्व कम्पनी का शुद्ध लाभ ₹ 20,00,000 है। आपको पूर्णकालिक व अंशकालिक संचालकों को देय पारिश्रमिक की गणना करनी है।

6. A company issued 90,000 equity shares of ₹ 100 each. The issue was underwritten by X, Y and Z equally. Application were received for 80,000 shares out of which marked applications were as follows :

X 30,000; Y 20,000; Z 15,000

Determine liability of X, Y and Z pass journal entries in the books of the company assuming 2.5% rate of commission.

एक कम्पनी ने ₹ 100 वाले 90,000 इक्विटी अंश निर्गमित किये। निर्गमन X, Y, व Z द्वारा बराबर अभिगोपित किया गया था। 80,000 अंशों के लिए आवेदन-पत्र आये जिसमें से चिह्नित आवेदन-पत्र इस प्रकार थे—

X 30,000; Y 20,000; Z 15,000

X, Y एवं Z के दायित्व की गणना कीजिए तथा कमीशन की दर 2.5% मानते हुए कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

7. X Ltd. was incorporated on 1st July, 2018 to acquire a running business of Varsha and Company with effect from 1st April, 2018. During the year 2018-19 the total sales were ₹ 36,00,000 of which ₹ 7,20,000 were for the first six months. The Gross profit of the company was ₹ 5,86,000. The expenses debited to the profit and loss account included :

(i) Directors fee ₹ 50,000

(ii) Bad debts ₹ 7,200

(iii) Advertising ₹ 36,000 (under a contract amounting to ₹ 3,000 per month)

(iv) Salaries and General Expense ₹ 2,40,000

(v) Preliminary expenses written off ₹ 10,000

Prepare a statement showing pre-incorporation and post-incorporation profit for the year ended 31st March, 2019.

वर्षा एण्ड कं. के चालू व्यापार को 1 अप्रैल, 2018 से हासिल करने के लिए 1 जुलाई, 2018 को X लि. बनाई गई। वर्ष 2018-19 के दौरान कुल विक्रय ₹ 36,00,000 था जिसमें ₹ 7,20,000 पिछले छः महीनों का था। कम्पनी का सकल लाभ ₹ 5,86,000 था। लाभ-हानि खाते में डेबिट किए गए व्यय में सम्मिलित हैं :

(i) संचालकों की फीस ₹ 50,000

(ii) डूबत ऋण ₹ 7,200

(iii) विज्ञापन ₹ 36,000 (₹ 3,000 प्रति माह के करार के तहत)

(iv) वेतन व सामान्य खर्चे ₹ 2,40,000

(v) अपलिखित प्रारम्भिक खर्चे ₹ 10,000

31 मार्च, 2019 को समामेलन के पूर्व और पश्चात् के लाभों को दर्शाता हुआ एक विवरण तैयार कीजिए।

8. How is the replacement of fixed assets treated in account books under the double account system ?

स्थायी सम्पत्तियों के पुनर्स्थापन का द्वि-खाता प्रणाली के अन्तर्गत लेखा पुस्तकों में किस प्रकार व्यवहार किया जाता है ?

## Section–C

## (खण्ड–स)

9. Give journal entries of declaration and payment of dividend with example.

लाभांश की घोषणा एवं भुगतान सम्बन्धी जर्नल प्रविष्टियाँ उदाहरण सहित दीजिए।

10. What do you understand by 'Liquidator's Statement of Account' ? When is it prepared and how ?

'निस्तारक के लेखा विवरण' से क्या आशय है ? यह कब और कैसे तैयार किया जाता है ?

11. Shri Ram intends to invest ₹ 33,000 in equity shares of a limited company and seeks your advice as to the maximum number of shares he can expect to acquire based on a fair value of the shares to be determined by you, the following information is available :

Issued and paid up capital :

| | |
|---|---|
| 6% preference shares of ₹ 10 each | 5,50,000 |
| Equity shares of ₹ 10 each | 3,50,000 |
| | **9,00,000** |

Net profit of the business is ₹ 90,000. Expected normal yield is 8% in case of such equity shares. It is observed that the net assets after revaluation are worth ₹ 70,000 more than the amounts at which they are stated in the books. Goodwill is to be calculated at 5 years' purchases of the super profits, if any. Ignore additional depreciation on increase in the value of fixed assets.

श्री राम एक सीमित कम्पनी के इक्विटी अंशों में ₹ 33,000 विनियोजित करना चाहते हैं एवं आपसे सलाह माँगते हैं कि आपके द्वारा निर्धारित अंशों के उचित मूल्य के आधार पर वह कितने अधिकतम अंश खरीदने की आशा कर सकते हैं।

निम्नलिखित सूचना उपलब्ध है :

निर्गमित एवं प्रदत्त पूँजी :

| | |
|---|---|
| 6% ₹ 10 वाले पूर्वाधिकार अंश | 5,50,000 |
| ₹ 10 वाले इक्विटी अंश | 3,50,000 |
| | **9,00,000** |

व्यवसाय का शुद्ध लाभ ₹ 90,000 है। ऐसी इक्विटी अंशों में आशान्वित सामान्य प्रत्याय की दर 8% है। यह पाया गया है कि शुद्ध सम्पत्तियों का मूल्य पुनर्मूल्यांकन के बाद पुस्तक मूल्य से ₹ 70,000 अधिक है। ख्याति की गणना अधिलाभों (यदि कोई हो) के 5 वर्षों के क्रय के आधार पर करनी है। स्थायी सम्पत्तियों के मूल्य में वृद्धि पर अतिरिक्त मूल्य ह्रास का ध्यान नहीं रखना है।

12. On 1st April, 2018 Hot Ltd. acquired 80% equity shares and 30% preference shares of Shot Ltd. for ₹ 1,95,000 and ₹ 30,500 respectively, on which date Shot Ltd. general reserve and statement of profit and loss showed balances of ₹ 30,000 and ₹ 4,000 respectively. On 31st March, 2019 balance sheets of the two companies stood as follows :

1 अप्रैल, 2018 को हॉट लिमिटेड ने सॉट लिमिटेड के 80% इक्विटी अंश तथा 30% अधिमान अंश क्रमशः ₹ 1,95,000 तथा ₹ 30,500 में लिए, अंश अधिग्रहण की तिथि को सॉट लिमिटेड के लाभ-हानि के विवरण में ₹ 4,000 तथा सामान्य संचय खाते में ₹ 30,000 शेष था। दोनों कम्पनियों के चिट्ठे 31 मार्च, 2019 को निम्नांकित हैं :

**Balance Sheets**

**as at 31st March, 2019**

| Particulars | Hot Ltd. | Shot Ltd. |
|---|---|---|
| **I. EQUITY AND LIABILITIES :** | | |
| (1) *Shareholders fund :* | | |
| (a) Share capital : | | |
| (i) Issued and subscribed and paid up capital | | |
| 10% preference shares of ₹ 100 each | – | 1,00,000 |
| Equity shares of ₹ 100 each | 10,00,000 | 2,00,000 |
| (b) Reserves and surplus : | | |
| General reserve | 3,00,000 | 40,000 |
| Surplus in statement of profit and loss | 1,00,000 | 39,000 |
| (2) *Non-current Liabilities* | – | – |
| (3) *Current Liabilities :* | | |
| Trade payables : Sundry creditors | 1,80,000 | 97,000 |
| **Total** | **15,80,000** | **4,76,000** |
| **II. ASSETS :** | | |
| (1) *Non-current Assets :* | | |
| (a) Fixed Assets : | | |
| (i) Tangible Assets | 8,00,000 | 3,00,000 |
| (ii) Intangible Assets | – | – |
| (b) Non-current Investments : | | |
| 80% equity shares in Shot Ltd. | 1,95,000 | – |
| 30% preference shares in Shot Ltd. | 30,500 | – |
| (c) Other Non-current Assets | – | – |
| (2) *Current Assets* | 5,54,500 | 1,76,000 |
| **Total** | **15,80,000** | **4,76,000** |

Draw up the Consolidated Balance Sheet assuming that on 1st April, 2019 there were no arrears of preference share dividend.

एकीकृत चिट्ठा तैयार कीजिए यह मानते हुए कि 1 अप्रैल, 2019 को अधिमान अंशों पर लाभांश बकाया नहीं था।